वर्ष 4, अंक 220, 16 पेज, मूल्य 3.00 रुपए, भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वादशी, वि.सं. 2070

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

सोमवार, 16 सितम्बर 2013, बरेली, पांच प्रदेश, 18 संस्करण, नगर

www.livehindustan.com

उंगलियों के निशान सबसे बड़ी पहचान

बरेली। श्री राममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में इस्पायर इंटर्नशिप-2013 का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय कैंपस के दूसरे दिन रविवार को एसजीटीबी खालसा कालेज दिल्ली के फोरेंसिक साइंस यूनिट के डा. जीएस सोधी ने फोरेंसिक साइंस का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि किसी भी व्यक्ति की पहचान का सबसे बड़ा जरिया उसका फिंगर प्रिंट होता है। इस दौरान उन्होंने फिंगर प्रिंट सहित अन्य वैज्ञानिक तरीकों से सुलझाए गए कुछ बड़े केसों का उदाहरण भी दिया। प्रो. संतोष कुमार यादव ने पेट्रोलॉजी, मिनरोलॉजी, जियोलॉजी और जियो भौतिकी की जानकारी दी।